JOURNAL

New Frontiers of Research

(Multidisciplinary Multilingual Referred Research Journal)

Vol. 03 No. 05 & 06 Special Issue - Dec16

Pt. Bhagwat Prasad Dubey Smriti
Samaj Evam Vigyan Unnayan Samiti

C.M.D.P.G. COLLEGE
BILASPUR (C.G.)

NEW FRONTIERS OF RESEARCH

Six Monthly Multidisciplinary Multilingual Research Journal

Volume 02 Number 01 [illegible]

CONTENTS

1. "कोरबा जिले (छ.ग.) की पर्यटन संभावना का मूल्यांकन (उत्तरदाता की कथन प्राथमिकता पर आधारित)"
डॉ. पी.एल. चन्द्राकर 1-11

2. मनरेगा का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में
डॉ. आदित्य कुमार दुबे, कु. आभा श्रीवास्तव 12-17

3. बिरहोर जनजाति का सामाजिक व आर्थिक अध्ययन (वि.स. कोटा जिला बिलासपुर के संदर्भ में)
श्रीमती श्वेता सिंह 18-24

4. महाकवि कालिदास के नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम् में प्रमुख पुरुष पात्र का चरित्र चित्रण
शशिरेखा सरकार 25-31

5. "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की क्रियान्वयन करने में भूमिका (कोटा विकास खण्ड, बिलासपुर जिला के ग्राम पंचायतों के संदर्भ में)
अखिलेश कुमार पाण्डेय 32-34

6. कोरबा जिले (छ.ग.) के कोरबा जनजाति में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन
सुनील कुमार श्रीवास 35-40

7. जलवायु का कृषि पर प्रभाव : एक अध्ययन
डॉ. संजय सिंह, श्रीमती पल्लवी चतुर्वेदी 41-44

8. Rainfall Variability, Food Security And Human Mobility In The Janjgir – Champa District Of Chhattisgarh State, India
[illegible] Paul 45-51

CONTENTS

9. A Spatial Analysis Of Forest Cover Using Gis And Remote Sensing Techniques
(A Case Study In Achanakmar Wildlife Sanctuary)
Kajal Kr Sikdar 52-58

10. The Socio-economic Evolution Of Banga Tribe At Kota In Bilaspur District Of Chhattisgarh
Debabrata Ghosh 58-61

11. The Impact Of Captivity On Behaviour Of Wild Animal: A Case Study From Kanan Pendari,Bilaspur(C.G).
Dipak Mandal 62-67

12. Marketing Oriented Organization And Its Values
Dr. U.L. Agrawal , Dr. S.C. Bajpai 68-70

13. Marketing Strategies In Library
Mr. Salik Ram 71-78

14. Changes Of Food Habits Among The Tribes Of Korba District (C.G)
Dr. Mojaffar Ahamad, Dr. P.L. Chandrakar 79-85

संपादक की कलम से .....

संपादकीय

"न्यू फ्रंटियर्स ऑफ रिसर्च" के इस द्वितीय अंक का प्रकाशन विविध विषयों पर शोधरत शोधार्थी एवं विषय विशेषज्ञों के लिए उपयोगी मार्गदर्शक साबित होगा। इस अंक में हिन्दी, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, पर्यावरण, भूगोल आदि विषयों पर आधारित विद्वतजनों द्वारा शोधपत्र प्रकाशित किये गए हैं। सी.एम.डी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर के शासी निकाय के युवा, कल्पनाशील एवं कर्मठ अध्यक्ष पं. संजय दुबे जी एवं आचार्य डॉ. डी. के. चक्रवर्ती की यह आकांक्षा और निर्देश था कि महाविद्यालय परिवार के द्वारा उच्च स्तरीय रिसर्च जर्नल का द्वितीय अंक का प्रकाशन समयानुसार किया जाना चाहिये, इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए यह अंक प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि प्राध्यापक एवं शोधार्थीगण अपने स्तरीय शोध पत्र प्रकाशनार्थ प्रेषित कर इस शोध – पत्रिका के निरंतर प्रकाशन में हमें सहयोग प्रदान करते रहेंगे। पत्रिका को उच्च स्तरीय बनाने हेतु आपके सुझाव सादर आमंत्रित है।

(डॉ. के.के. जैन)
भौतिक विभाग
सी.एम.डी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

New Frontiers Of Research Vol. 3 Dec. 2016 ISSN No. 2347-2085

"कोरबा जिले (छ.ग.) की पर्यटन संभाव्यता का मूल्यांकन (उत्तरदाता की कथन प्राथमिकता पर आधारित)"

डॉ. पी.एल. चन्द्राकर

1. प्रस्तावना:

किसी देश या प्रदेश के समुचित विकास में पर्यटन का अलग ही महत्व है। आज विश्व में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। पर्यटन जीवन से जुड़ा एक अभिन्न अंग है जिस तरह एक पक्षी को पिंजड़े में कैदकर, उसे शेष दुनिया से नावाकिफ कर देते है, उसी तरह इंसान भी बिना पर्यटन के सम्पूर्णता को हासिल नहीं कर सकता। पर्यटन पिंजड़े से मुक्ति का दूसरा नाम है, कि आप उड़ान भर सके, चहचहा सके, गुनगुना सके। पर्यटन हमें विविध सांस्कृतिक, भाषाएं, भौगोलिक विभिन्नताएं, भिन्न–भिन्न, पहनावे, खानपान होने के बावजूद एक सूत्र में बांधते हैं।

पर्यटन एक धुंआ रहित उद्योग है, जो एक साथ शिक्षा, मनोरंजन, स्वास्थ्य, व्यापार तथा सांस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देता है तथा विदेशी मुद्रा प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसीलिए आज दुनिया के कई देश अपने पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित कर अपनी अर्थव्यवस्था एवं विकास को सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। हमारे देश में भी कई राज्यों की अर्थव्यवस्था का आधार पर्यटन उद्योग है।

2. अध्ययन क्षेत्र:

छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर मध्य में स्थित कोरबा पिछड़ा हुआ आदिवासी बहुल जिला है। ग्लोब में यह जिला 22'3' से 22'59'30'' उत्तरी अक्षांश एवं 82' 8' 30'' से 83' 8' 15'' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 7145.44 वर्ग कि.मी. तथा 2001 की जनगणनानुसार कुल जनसंख्या 1012121 थी। जिसमें से 419889 अर्थात् 41. 50 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति हैं यहां पहाड़ी कोरवा, पण्डो, धनुहार, मझवार, बिंझवार, कंवर, गोंड, बैगा आदि जनजातियां निवास करती है। यहां की औसत साक्षरता दर 63.24 प्रतिशत तथा लगभग 78 प्रतिशत जनसंख्या कृषि से जीविकोपार्जन करती है। जिले का अधिकांश भाग पहाड़ी, पठारी एवं सघन वनाच्छादित है, जहां हसदेव, अहिरन, मनियारी, चोरनई, गेज, तान आदि नदियां अपने प्रवाह मार्ग पर सुन्दर जल प्रपात बनाती हुई सदियों से सतत् सुप्रवाहित है। किन्तु आज सूखती नदियां जल प्रपात पर्यटन के लिए एक चिन्तनीय विषय बन कर उभरा है। काला हीरा कहा जाने वाला कोयला संसाधन,



ताप विद्युत एवं एल्युमीनियम उत्पादन के लिए कोरबा की न केवल देश में बल्कि सम्पूर्ण विश्व में एक अलग पहचान है।

यहां के आदिवासियों की अद्वितीय प्राचीन संस्कृति व्यवस्था, धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहर, जलाशय, प्राकृतिक सौन्दर्य सैकड़ो वर्ष प्राचीन वृक्ष, जड़ी–बूटियां आदि प्रचार–प्रसार, प्राकृतिक अवरोध, अशिक्षा और विविध सुविधाओं के अभाव में गुमनाम एवं बिखरी हुई अवस्था में पड़ी हुई है। यदि उनकी पहचान कर प्रकाश में लाया जाये तथा उन्हें पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाये तो निश्चय ही कोरबा जिला में पर्यटन भी एक उद्योग बनकर उसे नई पहचान देगा तथा जिले के विकास में सहायक बनेगा और साथ ही यहां ग्रामीण पर्यटन, इको–टूरिज्म, इथनो टूरिज्म तथा औद्योगिक पर्यटन में अपार सम्भाव्यता छिपी

हुई है।

3. अध्ययन का उद्देश्य :

प्रस्तुत शोध पत्र कोरबा जिले में पर्यटन की सम्भाव्यता एवं प्रत्याशा का गहन अध्ययन है। इस अध्ययन में जिले के पर्यटन विकास में सहायक विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जायेगा।

1. कोरबा जिले के ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पहलुओं का अध्ययन।
2. कोरबा जिले के पर्यटन केन्द्रों की वर्तमान दशा का अध्ययन एवं नवीन पर्यटन स्थलों की पहचान।
3. पर्यटन केन्द्रो की प्रत्याशा एवं सम्भाव्यता का आंकलन एवं मापन।
4. कोरबा जिले में उपलब्ध सुविधाओं का अध्ययन।
5. समस्याओं का आंकलन एवं विकास हेतु सुझाव एवं आयोजन प्रस्तुत करना।

4. शोध परिकल्पना :

प्रस्तुत शोध पत्र में जिले में पर्यटन की सम्भाव्यता एवं प्रत्याशा के अध्ययन एवं मापन निम्नलिखित परिकल्पनाओं की जांच के आधार पर किया जायेगा। .

1. पर्यटन, मार्ग एवं सुविधाओं के विकास से पर्यटन,उद्योग के रूप में विकसित होता है।
2. शासकीय रूचि एवं प्रचार–प्रसार से पर्यटन के प्रति बाह्य आकर्षण उत्पन्न होता हैं ।
3. शिक्षा के विकास से पर्यटन का विकास होता है ।

5. शोध प्रविधि :

प्रस्तुत शोध पत्र को तथ्य पूर्ण एवं प्रामाणिक बनाने प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों, सूचनाओं एवं जानकारियों को आधार बनाया गया हैं। प्राथमिक आंकड़े अनुसूची, साक्षात्कार, एवं फोटोग्राफी द्वारा संग्रहण किया गया है।

6. कोरबा जिले के पर्यटन स्थल:

कोरबा जिले में छोटे बड़े कुल 20 पर्यटन स्थल है उनकों विशेषताओं के आधार पर ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक, धार्मिक, औद्योगिक, प्राकृतिक, ईको पर्यटन, मनोरंजन, स्थानिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन आदि वर्गो में बांटा जा सकता (सारणी–1 एवं मानचित्र–1) है।

कोरबा जिले की लोककला हजारों वर्ष प्राचीन है। लोककलाओं में जन समूह के धार्मिक विश्वास, रहन–सहन, आचार–विचार तथा उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति होती है। कोरबा जिला के लोक कला में बार नृत्य, कर्मा नृत्य सुआनृत्य महत्वपूर्ण है। यहों मेला, उत्सव, नवरात्रि, हनुमान जंयती, कोसा वस्त्र (हस्त शिल्प कला) प्रसिद्ध है।

सारणी–1

कोरबा जिला : पर्यटन स्थलों का तहसीलवार विवरण एवं स्थिति विस्तार

क्र.	पर्यटन स्थल	तहसील	भौगोलिक स्थिति विस्तार	समुद्र सतह से औसत ऊंचाई मीटर में	पर्यटन का प्रकार	पहुंच मार्ग
1	पाली	पाली	22° 22' N 82° 18' E	320	ऐतिहासिक शिव मंदिर	बिलासपुर–अम्बिकापुर
2	लाफा (चैतुरगढ़)	पाली	22° 30' N 82° 18' E	988	पुरातात्विक गढ़ (किला) देवी मंदिर	पाली–लाफा
3	तुम्मान जटाशंकरी जलप्रपात	कटघोरा	22° 33' N 82° 27' E	723	प्राकृतिक सौंदर्य पुरातात्विक गढ़ जल–प्रपात (ऊंचाई 15 मी.)	बिलासपुर–कटघोरा–चुर्री
4	कटघोरा	कटघोरा	22° 30' N 82° 32' E	328	मंदिर एवं प्राकृतिक सौंदर्य	बिलासपुर–कटघोरा
5	मिनीमाता हसदेव बांगो जलाशय	पोंड़ी उपरोड़ा	22° 36' से 23° 12' 81° 28' से 82° 52'	304	कृत्रिम बांध, विद्युत उत्पादन केन्द्र	बिलासपुर–अम्बिकापुर
A	बांध एवं (विद्युत उत्पादन क्षेत्र)		22° 36' N 22° 35' E		बोटिंग प्राकृतिक सौंदर्य बोटिंग प्राकृतिक सौंदर्य	
B	बुका नौका विहार		22° 45' N	559	बोटिंग-प्राकृतिक सौंदर्य	
C	टिहरी सरई (नौका विहार)		82° 30' E		बोटिंग प्राकृतिक सौंदर्य	
D	सतरेंगा (नौका विहार)		22° 34' N	760		कोरबा–देवपहरी
E	बोडानाला		82° 43' E			
6	मातिनगढ़	पोंड़ी उपरोड़ा	22° 44' N 82° 28' E	533	प्राचीन किला देवी मंदिर	बिलासपुर–चिरमिरी
7.	केन्दई (मनियारी नदी) जल प्रपात	पोंड़ी उपरोड़ा	22° 44' N 82° 35' E	409	जल–प्रपात (ऊंचाई 17 मी.)	बिलासपुर–अम्बिकापुर
8.	कोसगाईगढ़ [illegible]	कोरबा	22° 31' N 82° 40' E	530	प्राचीन किला देवी मंदिर	कोरबा–देवपहरी
9.	देवपहरी महादेव पहाड़	कोरबा	22° 37' N 82° 46' E	989	आस्था एवं प्राकृतिक सौंदर्य	कोरबा–देवपहरी

ISSN No. 2347-2088

New Frontiers Of Research Vol. 3 Dec. 2016

10	अरसिया जल–प्रपात	पोढ़ी उपरोड़ा	22° 44' N 82° 44' E	473	जल–प्रपात (ऊंचाई 30 मी.) लोरमी घाटा	बिलासपुर–अम्बिकापुर
11	कोरबा नगर (एन.टी.पी.सी., बाल्को, रीवा मढ़ी, सर्वमंगला मंदिर, हसदो बराज)	कोरबा	22° 21' N 82° 44' E	289	औद्योगिक पर्यटन	बिलासपुर–कोरबा, चाँपा–कोरबा
12	कुदुरमाल	कोरबा	22° 10' N 82° 44' E	288	कबीर पंथी प्राचीन तीर्थ	चाँपा–कोरबा
13	कनकी	करतला	22° 13' N 82° 40' E	257	स्वयंभू महादेव एवं प्रवासी पक्षी	चाँपा–कोरबा
14	मड़वारानी	करतला	22° 12' N 82° 41' E	670	देवी मंदिर	चाँपा–कोरबा
15	छुरी	कटघोरा	22° 29' N 82° 35' E	369	कोसा वस्त्र बाजार	बिलासपुर–कोरबा



मानचित्र क्र. 2

7.पर्यटन सम्भाव्यता का मापनः

एक पर्यटक जब किसी पर्यटन स्थल का पर्यटन करना चाहता है तो उसे कई कारक प्रभावित करते है। अधोसंरचना, सेवा एवं सुरक्षा आधारभूत आवश्यकता, लागत मूल्य एवं पर्यटन स्थल की प्रकृति आदि प्रमुख कारक पर्यटक को किसी पर्यटन स्थल के चयन हेतु प्रभावित करती है इनमें से सभी कारको को पर्यटन अपनी सोच और समझ के अनुसार अलग–अलग महत्व एवं श्रेणी प्रदान करता है। अध्ययन क्षेत्र कोरबा जिला के अलग–अलग पर्यटन स्थलों में उत्तरदाता पर्यटकों से उनकों प्रभावित करने वाले कारकों के सम्बंध में प्रश्न पुछा गया सभी उत्तरदाता पर्यटकों ने प्रभावित करने वाले कारकों को अलग अलग श्रेणी (Rank) प्रदान किया। (सारणी 2) उत्तरदाता की श्रेणीकरण के आधार पर गेरीट रैकिंग तकनीक(Garretts Ranking Technique) से उत्तरदाता पर्यटकों प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारक (Most significant factors) ज्ञात किया गया है और निम्न सुत्रानुसार पर्यटकों को प्रभावित करने वाले कारकों की प्रतिषत स्थिति (Percentage Position) ज्ञात कर गेरीट अंक (Guarret Score) में बदला गया है इसके बाद प्रत्येक कारक के गेरीट अंक को औसत मूल्य में बदलकर रैंक का निर्धारण किया गया है –

सूत्र (Formula)

Percent Position = 100 (Rij-0.5) / Nj

Where,

Rij = Rank given for the ith factor by the jth respondents

Nj = Number of factors ranked by the jth respondents

सारणी : 2

कोरबा जिला : पर्यटन हेतु प्रभावित करने वाले कारकों का प्रतिदर्श उत्तरदाता पर्यटकों द्वारा श्रेणीकरण

क्र.	कारक	रैंक						कुल
		I	II	III	VI	V	VI	
1	अधोसंरचना	12	19	20	18	21	30	120
2	सेवा एवं सुरक्षा	28	27	19	16	12	16	120
3	आधारभूत आवश्यकता	17	19	26	20	29	09	120
4	लागत मूल्य	16	17	21	30	24	12	120
5	प्रकृति	14	18	24	28	21	15	120
6	सम्पूर्ण संतुष्टि	09	11	20	23	32	25	120
गैरिट सारणी मूल्य		77	63	54	46	36	23	

ISSN No. 2347-2685

सारणी : 3

गेरिट रैंकिंग तकनीक चयनित कारकों का परिणाम

क्र.	कारक	अंक						गेरिट अंक	औसत अंक	गेरिट रैंक
		I	II	III	IV	V	VI			
1	अधोसंरचना	924	1197	1080	828	756	690	5475	45.62	V
2	सेवा एवं सुरक्षा	2156	1701	1026	828	432	368	6511	54.25	I
3	आधारभूत आवश्यकता	1309	1197	1404	920	1044	207	6081	50.67	II
4	लागत मूल्य	1232	1071	1134	1380	864	276	5957	49.64	III
5	प्रकृति	1078	1134	1296	1288	756	345	5897	49.14	IV
6	सम्पूर्ण संतुष्टि	693	693	1080	1058	1152	575	5251	43.75	VI

सारणी कमांक 3 के अनुसार गेरीट रैंकिंग चयनित कारकों का परिणाम में गेरीट अंक (Garrett score) एवं औसत अंक (Average Score) प्रतिदर्श उत्तरदाता पर्यटकों ने सबसे अधिक सेवा एवं सुरक्षा (54.25%) को प्रदान किया है तथा इसके बाद दूसरा आधारभूत आवश्यकता (50.67 प्रतिशत) एवं तीसरा लागत मूल्य (49.64 प्रतिशत) को दिया है और सबसे कम सम्पूर्ण संतुष्टि (over all satisfaction) को (43.75 प्रतिशत) दिया है। अतः उत्तरदाता पर्यटकों के अनुसार कोरबा जिला में पर्यटन सम्भावयता बढाने हेतु सेवा सुरक्षा आधारभूत आवश्यकता एवं लागत मूल्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

8. जिले में पर्यटन विकास की समस्याऐं एवं सुझावः

मैक्समूलर ने कहा था कि "यदि मुझे विश्व में प्रकृति पदत्त सुन्दरता शक्ति और सभी प्रकार की संपत्ति से पूरी तरह समृद्ध राष्ट्र ढूंढने के लिए कहा जाए तो मै भारत की ओर इशारा करूंगा।" मैक्समूलर की इस कथन को पर्यटन के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो इसका अर्थ स्पष्ट है कि भारत में पर्यटन विकास की अत्यधिक संभावनाएं है।

भारत का छत्तीसगढ़ राज्य और इसका कोरबा जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। जिला के हरे भरे जंगल वन्यजीव, जलप्रपात, गुफा, पर्वत, जलाशय तथा प्राचीन एवं नवीन सांस्कृतिक सौन्दर्य को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने पर पर्यटन सम्भाव्यता (Potentials) निश्चित ही तेजी से बढ़ेगी और भविष्य में अधिक संख्या में यहां पर्यटक आने लगेंगे। जिले में पर्यटन विकास की निम्नलिखित प्रमुख समस्याएं है।

1. जिला में स्थित छत्तीसगढ़ के प्राचीन गढ़ चैतुरगढ़ एवं कोसगईगढ़ तथा गड़वारानी इस समय सर्वाधिक लोगों का आस्था एवं विश्वास का केन्द्र है इन तीनों स्थानों में देवी का प्राचीन मंदिर है किन्तु इन स्थानों की यातायात सुविधा संतोशजनक नहीं है।

1. छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बहुददेश्यीय मिनीमात हसदेव जलाशय कोरबा जिला में विस्तष्त है। इस जलाशय में पर्यटन की असीमित सम्भावनाएं है। किन्तु इस जलाशय में सुरक्षित तैराकी, हाऊस बोट, जलाशय के मध्य चारों ओर जल से घिरे पहाड़ों का सौन्दर्यीकरण तथा महाराष्ट्र के औरंगाबाद के पास बनी जायक बाड़ी परियोजना (गोदावरी नदी) की तरह पक्षी अभ्यारण्य जैसी अतिरिक्त आकषर्ण एवं सुविधा पर्यटकों की मांग है जिसका सरकार योजना मात्र बनाई है?

2. पाली एवं कनकी में जिला के प्रसिद्ध शिव मंदिर स्थित है, किन्तु ये दोनों मंदिर असुरिक्षित है। पाली के शिवमंदिर से आये दिन बहुमूल्य मूर्तियों (परिक्षिस्त) की चोरी होती रहती है। जबकि कनकी के स्वयंम्भू शिवलिंग में निरस्तर जलाभिषेक के कारण क्षरण तीव्र गति से हो रहा है शिवलिंग में क्षरण के कारण बड़ा छिद्र बन गया (छायाचित्र) है इसकी रोकथाम के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसके अलावा कनकी पहुंचने हेतु मार्ग कच्चा है। तथा यहाँ के प्रवासी पक्षियों के संबंध में



मानचित्र क्र. – 3

ISSN No. 2347-2685

पर्यटकों को ठीक से ज्ञान नहीं है।

3. जिला को प्रसिद्ध बार नृत्य, जसगीत के साथ जवारा विसर्जन, सुवानृत्य, कर्मा नृत्य, जड़ी बुटी शैलचित्र सँर्क आर्ट आदि सांस्कृतिक विरासत को अब तक सुनियोजित ढंग से प्रकाश में नहीं लाया गया है।

4. जिले के प्राय: सभी पर्यटन स्थलों में अतिरिक्त आकर्षण जैसे संग्रहालय गार्डन जू दर्शनीय स्थलों पर पोस्टर, बाजार, सुरक्षा, गाईड, बिजली आदि का अभाव है। गाईड के अभाव में पर्यटक पर्यटन स्थल का अधूरा दर्शन करते है ऐसा साक्षात्कार के दौरान ज्ञात हुआ।

5. स्थानीय लोग, एस.ई.सी.एल. चेम्बर ऑफ कामर्स, एन.सी.पी.सी. स्टारलाइट (बालकों) आदि का जिले में पर्यटन विकास के प्रति चेतना एवं अभिरूची की कमी है।

6. ट्रैकिंग (पैदल) पर्यटन, पर्वतारोहण (रॉक क्लाइविंग) भूपर्यटन (ज्योग्राफिक टूरिज्म) कारवां पर्यटन की अपार सम्भावना है परन्तु इस दिशा में अभी तक कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया है।

7. जिले में विद्यमान पर्यटन स्थलों का बाजारीकरण प्रचार–प्रसार एवं वेवसाइट में प्रदर्शन नहीं किया गया है।

8. किसी पर्यटन स्थल के विकास में पर्यटन एवं आवास लागत मूल्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रेल सुविधा कोरबा जिले के मात्र दो पर्यटन स्थलों में है। शेष पर्यटन स्थलों में या यह कहे कि अधिकांश पर्यटन स्थलों में निजी वाहन या किराये की वाहन से पर्यटन करना पड़ता है तथा आवास सुविधा सीमित है अत: परिवहन एवं आवास के लिए पर्यटकों को अधिक पैसे व्यय करने पड़ते है। इस प्रकार जिला के पर्यटन स्थलों का पर्यटन करने में लागत अधिक आता है जिस कारण से ज्यादातर लोग यहां पर्यटन नहीं कर पाते है।

9. जिले के प्रमुख पर्यटक स्त्रोत बिलासपुर, जांजगीर, चाम्पा, रायगढ़, अम्बिकापुर, कोरिया, रायपुर, दुर्ग आदि जिले एवं उनके प्रमुख नगर है किन्तु इन पर्यटन स्त्रोतों से पर्यटन ट्रेवल एजेन्सी की सुविधा आज भी नहीं है।

10. जिले में परम्परागत व्यवसाय कृषि, वनोपज संग्रहण, मत्स्यभारण, खनन एवं खनिज संसाधनों से संबंधित व्यवसायों में 95–98 प्रतिशत लोग संलग्न है रोजगार एवं आय के नये स्त्रोत पर्यटन के प्रति अभिरूची एवं चेतना लोगो में नगण्य है।

11. निजी टैक्सी चालक, होटल मालिक, पर्यटन से संबंध शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों एवं सेवक फोटोग्राफर आदि की पर्यटकों के साथ व्यवहार एवं विश्वसनीयता बढ़ाने की आवश्यकता है।

12. राज्य शासन पर्यटन विकास हेतु तरह–तरह की नीतियॉं बनाई है किन्तु उसकी जानकारी और कियान्वयन समुचित ढंग से नहीं हो रहा है।

सुझाव:

छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी कोरबा जिला इतिहास प्रसिद्ध कलचुरि राजवंश की प्रथम राजधानी रही है। यहां ऐतिहासिक,

पुरातात्विक, धार्मिक/ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक सभी प्रकार के पर्यटन स्थल मौजूद हैं। यहां के सुन्दर और मनोरम जल प्रपात, हरे भरे घने जंगल एवं वन्य जीव, सुन्दर जलाशय, प्राचीन किला एवं मठ, शिव मंदिर, देवी देवता के मंदिर, प्रवासी पक्षी, रॉक आर्ट (शैलचित्र), गुफा, आदिवासी नृत्य, जड़ी बूटी, कोरबा स्थित विशाल विद्युत एवं एल्युमिनियम संयत्र कोयला खदान आदि में पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं। जिले पर्यटन की सम्भावना को बढ़ाने के लिये आज आवश्यकता है सिर्फ और सिर्फ स्थानीय लोगों और प्रशासन को सुनियोजित ढंग से इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की और जिले की खूबियों को पर्यटकों के समक्ष उचित ढंग से प्रस्तुत करने की जिले में पर्यटन विकास हेतु निम्न बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है-

1. कोरबा जिले को अवकाश कालिन (Holiday Tourism) पर्यटन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए पर्यटन स्थलों को आकर्षक एवं सुविधा जनक बनाने के लिए सरकार को आधारभूत संरचना विशेषकर परिवहन मार्ग एवं सुरक्षा का आवश्यक विकास करना चाहिए।

2. स्थानीय लोग, चेम्बर ऑफ कामर्स, एस.ई.सी.एल., स्टार लाइट (बालको) एन.टी.पी.सी. एवं सरकार को पंचायत, विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर त्रिस्तरीय समिति बनाकर पर्यटन स्थलों में अतिरिक्त आकर्षण जैसे हाउस बोट, ट्रेवल एजेन्सी, पक्षी अभ्यारण्य, जड़ी बूटी का उद्यान में होटल, धर्मशाला, बाजार, बिजली आदि का विकास करना चाहिए।

3. पर्यटन व्यवसाय से जुड़े स्थानीय लोग एवं स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार एवं लाभ कमाने के नये पर्यटन उद्योग से जुड़ने हेतु सरकारी सहायता एवं प्रोत्साहन मिलना चाहिये तथा उनमें जागृति लाना चाहिए।

4. स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को पर्यटकों के साथ व्यवहार एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के बीच अन्तर्सम्बन्ध विषय पर समय-समय पर सेमीनार एवं वर्कशाप का आयोजन कर व्यक्तित्व का विकास एवं चरित्र का निर्माण करना चाहिए और अतिथि देवो भवः की विचारधारा को चरितार्थ करना चाहिए।

5. ट्रेवल एजेन्सी एवं पत्र पत्रिका का विकास कर परिवहन लागत को कम किया जा सकता है। अतः इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

6. जिला के पर्यटन स्थलों की खूबियों को वेबसाइट, पोस्टर, दूरदर्शन समाचार पत्र के माध्यम से पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

7. जिला में पर्यटन के प्रति आकर्षण चेतना जागृत करने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को जिला में पर्यटन विकास की संभावना एवं सम्भावनाएं विषय को पाठ्य पुस्तक में जोड़कर अध्ययन कराया जाना चाहिए।

8. जिला में पर्यटन का सुनियोजित एवं शाश्वत विकास करने हेतु विकसित पर्यटन स्थलों का अनुकरण करना चाहिए।

9. कोरबा जिला में कुदुरमाल कबीर पंथियों का सबसे प्राचीन तीर्थ है इस पर्यटन केन्द्र में घरेलू एवं विदेशी दोनों पर्यटकों तरह के पर्यटक आते है। हेतु यहां सुविधाओं का विकास एवं प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए।

10. छत्तीसगढ़ सरकार की पर्यटन नीति में प्रदेश एवं कोरबा जिला के पर्यटन विकास हेतु बहुत सारे नीतियों एवं योजनाएं बनाई गई है किन्तु कई योजनाओं का अभी तक कियान्वयन नहीं हो पाया तथा नीतियों से आम लोग अपरिचित है ऐसी स्थिति में सरकार और पर्यटन मण्डल को अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बारे में ग्राम पंचायत स्तर पर एवं लोगों तक प्रचार–प्रसार करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची

Mishra R.P. (1990) : Tourism complex planning : A case study of karnataka meso complex neography of the mountains heritage publishers New Delhi p 266- 277

दास गुप्ता पापिया (2004) : पर्यटन एक अध्ययन म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल (म.प्र.)

Bhatia A-K (2006) : International Tourism management Sterling publishers New Delhi

Bhatia AK (2010) : Tourism Development Principales Practices sterling publishers New Delhi

Swain S.K. (2012) : Tourism Principles and Practices oxford university prass New Delhi

Singh L.K. (2008) : Fundamental of tourism & Travel Isha books Delhi.

Singh L.K. (2008) : Indian Cultural Hevitage Perspective for Tourism Isha Books Delhi.

व्यास राजेश कुमार (2008) : भारत में पर्यटन विद्या विहार, नई दिल्ली

त्रिपाटी के एवं (2003) : छत्तीसगढ़ एटलस एस शारदा पब्लिकेशन बिलासपुर (छ.ग.)

चन्द्राकर पी.
चन्द्राकर पी एवं (2010) : अमरकंटक वैभव मृत्युन्जय प्रकाशन मृत्युन्जय आश्रम अमरकंटक (म.प्र.)

चन्द्राकर पी. अहमद एम. (Sept. 2009) : Rural Tourism Development in Bilaspur District (C.G.) A Geographical Study uttar Bharat Bhoogol Patrika The Association of Novik Indian Geographers Gorakhpur (U.P.) P 94-98

डॉ. पी.एल. चन्द्राकर, भूगोल विभाग,
सीएमडी पीजी महाविद्यालय, बिलासपुर छ.ग.

मनरेगा का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में

डॉ. आदित्य कुमार दुबे , कु.ऋचा श्रीवास्तव

प्रस्तावना

आजादी के 69 वर्षों में भारत देश ने निरन्तर प्रगति की है परंतु आज भी हमारा देश पूर्ण विकसित नही हो पाया है । भारत गांवों का देश है, आज भी भारत की लगभग 68.84 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। यदि हमें देश का पूर्ण रूप से विकास करना है तो हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को उन्नत एवं विकसित करना होगा। निरंतर बिकास के पथ पर अग्रसर इस देश में आज भी ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका समाधान अब तक नही हो पाया है, उनमें सबसे प्रमुख समस्या गरीबी और बेरोजगारी की है । बेरोजगारी की गंभीर समस्या पर भारत में गंभीरतापूर्वक दीर्घकालिक नीति नही अपनाई गई है, इस संबंध में तदर्थ एवं तात्कालिक नीति ही अपनाई जाती रही है । भारत में रोजगार वृद्धि संबंधी नीति पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा लागू की गई ।

पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कई रोजगार संबंधी विशेष कार्यक्रम चलाए गए जैसे स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY), जवाहर रोजगार योजना (JRY), जवाहर ग्राम स्वरोजगार योजना (JGSY), रोजगार आश्वासन योजना, काम के बदले अनाज योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय ग्रामीण युवक रोजगार प्रशिक्षण योजना (TRYSEM) इत्यादि । विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर एवं विकास के अनवरत प्रयासों के बावजूद बेरोजगारी की समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

गरीबी उन्मूलन और रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में भारत सरकार द्वारा एक पहल की गई । सन् 2005 में 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट' की शुरूआत की गई । इसे 25 अगस्त 2005 को विधान द्वारा अधिनियमित किया गया और 7 सितंबर 2005 से लागू किया गया । सर्वप्रथम 2 फरवरी 2006 को इसकी शुरूआत आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले से की गई । 2 अक्टूबर 2009 को इसका नाम बदलकर 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट' (मनरेगा) कर दिया गया ।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, दाउ कन्याण सिंह भवन, रायपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 1069/वि–3/रा.ग्रा.रो.गा.यो./2006 दिनांक 3 मार्च 2006 –राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उक्त अधिनियम की धारा

ISSN No. 2347-2685

New Frontiers Of Research Vol. 3 Dec. 2015

3 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन एतद् द्वारा छत्तीसगढ़ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने के लिए प्रकाशित करती है ।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट सिर्फ एक योजना या कार्यक्रम नही है बल्कि यह एक कानूनी अधिकार है । यह कार्यक्रम अन्य रोजगार कार्यक्रमों से भिन्न है क्योंकि इसमें रोजगार की कानूनी गारंटी है । इस एक्ट को संसद द्वारा पारित करके विधान द्वारा अधिनियमित किया गया है । इस एक्ट के तहत ग्रामीणों को काम के अधिकार की गारंटी दी गई है । यह एक ऐसा अधिनियम है जिसमें रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है ताकि सभी ग्रामीणों को रोजगार के सुअवसर उपलब्ध कराए जाएं और वे अपनी मूलभूत आवश्यकताओं भोजन, वस्त्र और आवास को पूरा कर पायें ।

उद्देश्य

इस एक्ट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के हर परिवार के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन पाने का अधिकार होगा। मजदूरी भुगतान में लिंग भेद नही किया जाएगा अर्थात महिला एवं पुरूष में कोई भेद–भाव नही होगा। सभी को समान मजदूरी दी जाएगी। मजदूरी का भुगतान समय दर पद्धति या कार्य दर पद्धति से किया जाएगा।

इस एक्ट के निम्नलिखित उद्देश्य है –

- इस एक्ट का उद्देश्य लोगों को आवेदन करने के 15 दिन के अंदर 100 दिन का गारंटीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना है।
- यदि 15 दिन के अंदर रोजगार नही मिलता है तो उन्हे बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का प्रावधान है।
- हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी 167 रू. प्रतिदिन पाने का अधिकार है।
- लोगो को गांव के 5 किलोमीटर के दायरे में काम उपलब्ध कराया जाएगा ।
- यदि कार्य 5 कि.मी. से ज्यादा दूरी पर हो तो अतिरिक्त भाड़े और व्यय के लिए, न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी दी जाएगी । इस योजना के अंतर्गत एक तिहाई महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी ।
- श्रमिको की हाजरी का रिकार्ड नियमित रूप से रखे गए मस्टर रोल से जांचा जाएगा।

यह एक्ट पंचायती राज संस्थान द्वारा संचालित होता है। पंचायती राज संस्थान ग्रामीण देश में स्थानीय शासन का निकाय है जो प्रशासन के तीन स्तरों गांव, ब्लॉक और जिला के रूप में काम करता है। यह एक्ट पांचों स्तरों पर कार्य करता है ग्रामीण स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर और केन्द्र स्तर पर।

कार्य – क्षेत्र

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट 2 फरवरी 2006 को 200 जिलों में शुरू की गई जिसे 2007–08 में अन्य 130 जिलों में विस्तारित किया गया और 1 अप्रैल 2008 तक अंततः भारत के सभी 593 जिलों में इसे लागू कर दिया गया। इस शोध अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से आठ ग्रामों का चयन किया गया है।

परिकल्पनाएं

शोध पत्र में निम्नलिखित परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया है –

- छत्तीसगढ़ राज्य में इस एक्ट के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान समय पर होता है।
- छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन कम हुआ है।
- हितग्राहियों की षिकायत निवारण का प्रावधान है।

समंको का संकलन

इस शोध अध्ययन के लिए प्राथमिक तथा द्वितीयक समंकों का संकलन किया गया है। प्राथमिक समंकों का संकलन अनुसूची एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा किया गया है। अध्ययन के लिए वर्ष 2015–16 को शामिल किया गया है।

क्रियान्वयन

अधिनियम की धारा 13 (1) के अनुसार योजना के क्रियान्वयन एवं नियोजन हेतु ग्राम/ जनपद/ जिला पंचायतें प्रमुख संस्थायें होंगी । योजनान्तर्गत लागत के आधार पर कम से कम 50 प्रतिशत कार्य ग्राम पंचायतों द्वारा क्रियान्वित किये जायेंगे । शेष कार्यों का क्रियान्वयन अन्य एजेंसियों द्वारा किया जायेगा ।

अधिनियम की धारा 14 (6) के अनुसार जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा प्रतिवर्ष जिले के लिए लेबर बजट तैयार किया जायेगा तथा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायत को कार्य योजना प्रस्तुत की जायेगी।

इस एक्ट के क्रियान्वयन हेतु भारत शासन द्वारा अलग से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद् स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से भारत शासन द्वारा राज्यों को राशि प्रदान की जायेगी । राज्यों को समय–समय पर यह राशि भारत शासन के नियमों के तहत प्राप्त होगी । इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य में "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी छत्तीसगढ़ निधि नियम, 2011" बनाया गया है जो जारी अधिसूचना क्रमांक 441/पं. ग्रा. वि. वि./22/2012 दिनांक 6 मार्च 2012 – महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की धारा 32 (2) खण्ड (ड़) (च) एवं धारा 21 (1), (2) एवं (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बना है ।

इस एक्ट के तहत बेरोजगारी भत्ते की दर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) की धारा 3 के अधीन राज्य सरकार निश्चित करेगी ।

इस एक्ट के अंतर्गत कार्य करने वाले प्रत्येक श्रमिक को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 6 की उपधारा (1) के प्रावधान के तहत भारत सरकार द्वारा अधिसूचित मजदूरी पाने का हक है। मजदूरी भुगतान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को राशि का आवंटन किया जाता है और उसी आधार पर लोगों को रोजगार दिया जाता है। इसकी जानकारी निम्न तालिका में प्रस्तुत की गई है–

तालिका – 1 : छत्तीसगढ़ राज्य – वित्तीय एवं भौतिक प्रगति वर्ष 2015–16

क्रमांक	विवरण	राशि
1.	उपलब्ध राशि	20,41,14,257
2.	रोजगार कार्ड वितरण पंजीकृत परिवारों की संख्या	39,68,221
3.	पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या	1,10,54,430
4.	जारी किए गए जॉब कार्ड की संख्या	39,01,459
5.	परिवारों द्वारा रोजगार की मांग	26,11,916
6.	व्यक्तियों द्वारा रोजगार की मांग	55,88,747
7.	परिवारों को उपलब्ध कराया गया रोजगार	26,10,531
8.	व्यक्तियों को उपलब्ध कराया गया रोजगार	55,84,424

इस एक्ट की धारा 21 की उपधारा–1 के अंतर्गत कियान्वयन करने वाले राज्य में योजना के क्रियान्वयन के उद्देश्य से राज्य, रोजगार गारंटी परिषद् की स्थापना करता है। मनरेगा 2005 की धारा 32 की उपधारा (2) के खंड (5) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकारों को रोजगार गारंटी निधि नियमों को अधिसूचित करने की आवश्यकता होती है ।

जिला कार्यक्रम समन्वयक की सहायता के लिए कार्यक्रम अधिकारी और जिले के भीतर कार्य कर रहे राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरणों तथा निकायों के सभी अन्य अधिकारी धारा 15 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त किए जायेंगे ।

छत्तीसगढ़ राज्य में 27 जिले, 146 विकासखण्ड और 10971 ग्राम पंचायतेंहैं जहां मनरेगा एक्ट सफलतापूर्वक संचालित है। मनरेगा एक्ट से संबंधित जानकारी तालिका क्रमांक 2 में दर्शित है –

तालिका – 2 : छत्तीसगढ़ राज्य –जॉब कार्ड संबंधित विवरण वर्ष 2015–16

क्रमांक	विवरण	राशि (लाख में)
1.	कुल जारी किए गए जॉब कार्ड की संख्या	36.79
2.	मजदूरों की कुल संख्या	89.73
3.	कार्यशील जॉब कार्डो की कुल संख्या	30.57
4.	कार्यशील मजदूरों की कुल संख्या	56.37
5.	100 दिन मजदूरी पूरा करने वाले परिवारों की संख्या	2,42,580

अध्ययन का निष्कर्ष–

तालिका 1 के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि वर्ष 2015–16 में छत्तीसगढ़ राज्य को 20,41,14,257 राशि प्राप्त हुई। राज्य में रोजगार कार्ड वितरण पंजीकृत परिवारों की संख्या 39,68,221 है। जिनमें 26,11,916 परिवारों द्वारा रोजगार की मांग की गई लेकिन 26,10,531 परिवारों को ही रोजगार प्राप्त हो सका और राज्य में पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या 1,10,54,430 है जिनमें 55,88,747 व्यक्तियों द्वारा रोजगार की मांग की गई और 55,84,424 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया।

तालिका 2 के अध्ययन से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2015–16 में इस एक्ट के तहत 36.79 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए तथा मजदूरों की कुल संख्या 89.73 लाख है। जारी किए गए जॉब कार्ड में से 30.57 लाख कार्यशील जॉब कार्ड हैं और कुल मजदूरों में से 56.37 लाख कार्यशील मजदूर हैं परंतु 100 दिन मजदूरी करने वाले परिवारों की संख्या सिर्फ 2,42,580 है । संबंधित ग्राम सर्वेक्षण से पता चला कि एक्ट में 150 दिन कार्य देने का जो उल्लेख है उसका पूर्ण पालन नही हुआ । अनेक हितग्राहियों को मात्र 100 दिन ही कार्य दिवस प्राप्त हुआ।

इस शोध अध्ययन के लिए हमने गांवों में जाकर 200 से अधिक लोगो से अनुसूचियां भरवाई और उनके व्यक्तिगत साक्षात्कार भी लिए। संबंधित ग्राम के सचिव और सरपंच से भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त की । इससे अनेक तथ्य हमारे सामने आए जैसे– मनरेगा एक्ट के अंतर्गत मजदूरों को आवेदन के 15 दिन के अंदर कार्य उपलब्ध कराने का नियम है परंतु व्यवहारिक रूप में ऐसा नही होता है। ग्राम पंचायत द्वारा कार्य का निर्धारण कर राज्य शासन से अनुमोदित करकर ऐसे समय में जब उन्हें अपने कृषि कार्य की व्यस्तता नही होती है तब निर्धारित कार्य की मुनादी

ISSN No. 2347-2085

कराई जाती है। इसका प्रबंध स्थानीय स्तर पर होता है एवं सहभागिता से होता है। अतः इस प्रक्रिया से हितग्राही पूर्णतः संतुष्ट एवं खुश हैं।

हितग्राहियों को कार्य करने के पश्चात समय पर मजदूरी नही मिलती है जिसके कारण वे दूसरी जगह कम मजदूरी पर भी कार्य करने को मजबूर हो जाते हैं तथा वे गांव छोड़कर बाहर जाकर कार्य करने के लिए भी बाध्य हो जाते हैं। अतः मजदूरी की निश्चितता होनी चाहिए जिससे हितग्राहियों की आर्थिक संतुष्टि हो सके।

इस अध्ययन से यह भी सामने आया कि किसी भी हितग्राही को बेरोजगारी भत्ते की जानकारी नहीं है ना ही किसी ने बेरोजगारी भत्ते की मांग की है और ना ही उन्हें बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हुआ है।

इस एक्ट के अंतर्गत शिकायत निवारण की व्यवस्था भी है, जिसमें हितग्राही अपनी शिकायतें निर्धारित फोन नम्बर पर कर सकते हैं, परन्तु उनकी शिकायतों का समाधान समुचित रूप से नही हो पाता। अनेक हितग्राही तो शिकायत करते ही नही हैं और जो करते हैं उनको कोई समाधान नही मिलता।

इस एक्ट से मजदूरों के पलायन में कमी तो आई है क्योंकि लोगों को अपने ही ग्राम में रोजगार उपलब्ध हो जाता है जिससे वे अपना ग्राम छोड़कर अन्यत्र नही जाना चाहते।

उपर्युक्त विवेचना के आधार पर पहली परिकल्पना असत्य है अतः हितग्राहियों को मजदूरी का भुगतान समय पर नही होता। दूसरी परिकल्पना सत्य है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है। तीसरी परिकल्पना असत्य है क्योंकि हितग्राहियों की शिकायत निवारण का प्रावधान तो है पर शिकायतों का निवारण उचित प्रकार से नही होता है।

संदर्भ ग्रंथ

- रिसर्च मेथडॉलॉजी, वीरेन्द्र प्रकाश शर्मा, पंचशील प्रकाशन जयपुर
- मनरेगा, डॉ. विष्णु राजगढ़िया, राजकमल प्रकाशन
- महात्मा गांधी नरेगा समीक्षा I &II, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005, R.K.Narula
- Dynamic Report, MGNREGA Public data portal for F.Y.2015-16 As on 1/12/2016
- www.mnregaweb4.nic.in dated as on 1/12/2016
- हितग्राहियों द्वारा संपादित अनुसूची

डॉ. आदित्य कुमार दुबे, कु.ऋचा श्रीवास्तव
सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, सी.एम.डी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिरहोर जनजाति का सामाजिक व आर्थिक अध्ययन

(वि.खं. कोटा जिला बिलासपुर के संदर्भ में)

श्वेता सिंह

प्रस्तावना

किसी मानव समूह को एक जनजाति मानने के लिए यथार्थ रूप से कसौटियां है, जन जातियां जाति जीवन की क्या विलक्षणा हैं। एक जनजाति परिवारों या परिवारों के समूह का संकलन होता है, सामान्य भाषा बोलते है, और विवाह, व्यवसाय या उद्योग के विषय में निश्चित निबंधात्मक नियमों का पालन करते है।

प्रदेश की विशेष पिछड़ी जन जाति बिरहोर मुख्यतः छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले में निवास करने वाली बिरहोर जनजाति विशेष जनजातियों में शामिल है। बिरहोर जनजाति के संबंध में ये मान्यता है कि ये जिस पेड़ को छू देते है, उस पर कभी बंदर नहीं चढ़ता है। ए.के. सिन्हा ने अपनी किताब छत्तीसगढ़ की आदिम जनजातियां में बिरहोर जनजाति के विषय में विस्तार से लिखा है। बिरहोर जनजाति खाने के लिए बंदर का शिकार करती है लेकिन वो ऐसा क्यों करते है इसके पीछे भी एक कहानी है जो रामायण काल से संबंधित है।

शिकार से पहले मंत्र पढकर बुलाते है भूत बिरहो जनजाति के लोग शिकार कर जीवनयापन करते है। ये लोग मुख्य रूप से बंदर का शिकार करते है। ये लोग सामूहिक रूप से शिकार करते है। शिकार के लिए कोई निश्चित मुहुर्त या दिन नही होता। शिकार पर जाने से पहले बिरहोर लोग धार्मिक किया करते है, जिससे पता चल सके कि शिकार के लिए जानवर मिलेगा या नहीं। इसके लिए तीन आदमी एक जगह बैठते है और एक चावल लेकर थोड़ा–थोड़ा सबके हाथों में देता है। फिर सब जोहार–जोहार करके मंत्र पढते है और भूत को बुलाते है। बिरहोर का अर्थ होता है जंगल के लोग बिर का अर्थ जंगल और होर का मतलब आदमी। बिरहोर लोग छोटे कद के सिर बडा लम्बे बाल व नाक होती है। ये प्रोटो आस्ट्रेड श्रृंखला के है।

बिरहोर जनजाति अधिकांशतः झारखण्ड के निवास करने वाले है, और उनमें से कुछ लोग छत्तीसगढ़ उड़ीसा और वेस्ट बंगाल में आ के बस गये है।

बिरहोर लगभग 10000 की जनसंख्या में है वर्तमान स्त्रोतों के अनुसार इनकी जनसंख्या कम हो गयी है। ये हिन्दू धर्म पर विश्वास करते है। वर्तमान में बिरहोर का बसाहट प्रदेश के कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, रायगढ़, बस्तर जिलें के कुछ पहाड़ी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। बिरहोर व्यौरा खेती करते है और इनकी अर्थ व्यवस्था का एक अभिन्न अंग बन गया है और व्यौरा खेती के कारण एक स्थान से लेकर दूसरे स्थान स्थांनातरित होते रहे है और यायावर जैसे जीवन यापन

की शैली के कारण इनके सोचने समझने का ढंग व स्वभाव भी यायावर बन गया। इनके बसने व रहने का तरीका एक ग्राम के रूप में न रहकर बेहद बिखरा और बेतरतीब सा हो गया। एक बिरहोर का घर कहीं दूर घने जंगलों में तो किसी दूसरे का पहाड़ी पर तीसरे का ढलान परतों पर तो चौथे का पहाड़ी के नीचे या किसी कुंदरा में बना रहता है। घरों में आने के लिए कोई रास्ता नहीं होता है। अधिक से अधिक एक स्थान पर या दो या तीन घर कुछ दायरों में बने होते है। इसका कारण यह है कि, विवाह के पश्चात् लडका अपनी पत्नि को लेकर दूसरा घर बनाता है।

बिरहोर बोली मुंदारी भाषाओं से मिलती जुलती है। और बिरहोर लोग छत्तीसगढी व बिरहोरी में भी बोल लेते है। हाट बाज़ार भी इनके लिए पर्व के समान है ये हाट के दिन हाट जाने से नहीं चुकते है। बिरहोर लोग डोम, चीख, घाघी, आदि जाति को छोटा मानते हुए उनके हाथ का भोजन नहीं करते है।

अध्ययन का उद्देश्य निम्नलिखित है :-

1. बिरहोर जनजाति का सामाजिक अध्ययन।
2. बिरहोर जनजाति का आर्थिक अध्ययन।

अध्ययन का महत्व :-

बिरहोर जनजाति समाज को ऊपर उठाने के लिए सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। प्रत्येक पंचवर्षीय योजनाएं में इनके लिए विशेष राहत व विकासीय कार्यक्रम का प्रावधान किया गया है। किन्तु इनके बावजूद भी ये समुदाय पुरानी पिछड़ी हुई स्थिति में जीवनयापन कर रहा है। चूंकि समाज में विकास में मुख्य रूप से मानव मस्तिष्क की चेतना ही कार्य करती हैं। अतः इस चेतना का मूल्यांकन समय समय पर करके समाज की प्रगति का अध्ययन करना।

ये समाज सभी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेता है और इनका आधार एक सुदृढ़ न्यायिक व सामाजिक संगठन है किन्तु इन सबके बावजूद भी इस समुदाय के विकास का प्रवाह एक क्षेत्र तक ही सीमित है। इसके विकास की दर बहुत धीमी है इसलिए इनके सामाजिक चेनता में बंधन बने तथ्यों का अध्ययन कर उसे शोध के रूप में प्रस्तुतकर भविष्य की शासकीय योजनाओं हेतु निर्धारित कर दिशा में छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार न केवल जनजातियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है अपितु सरकारी योजनाओं के निर्धारण के क्षेत्र में भी प्रभावी व कारगर कदम साबित हो सकता है।

परिकल्पना :-

1. पहाडी बिरहोर जनजाति की शिक्षा स्थिति में सुधार होना चाहिए।
2. इस जनजाति के लोग आर्थिक जीविकोपार्जन हेतु सीमित विकल्पों में विकास होने की आवश्यकता है।
3. पहाडी बिरहोर जनजाति में नातेदारी व्यवस्था का विशेष महत्व होना चाहिए।

बिरहोर जनजाति की सामान्य विवेचना

बिरहोर भारत की प्रमुख जनजाति है मुख्यतः छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में निवास करने वाली बिरहोर जनजाति विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल है। बिरहोर जनजाति की संबंध में मान्यता है कि जिस पेड़ को छू जाते है। उस पर कभी बंदर नहीं चढ़ता । ए.के. सिन्हा ने अपनी किताब छत्तीसगढ़ की आदिम जनजाति में बिरहोर जनजाति के बारे में विस्तार से लिखा हैं ।

वर्गीकरणः– आर्थिक स्थिति के आधार पर बिरहोर के दो समूह है।

1- Uthlus : The Wandering Birhor's
2- Janghis: The Settled Birhor's

पूर्व में किये गये अध्ययन के अनुसार बिरहोर के घुमन्तू जीवन का पता चलता हैं। इन घुमन्तू बिरहोरों को 'उथलू', 'फिरता' या 'भुलन्तू' बिरहोर के नाम से जाना जाता हैं। परंतु बिरहोर जनजाति का एक समूह जिसने स्थायी जीवन पद्धति अपना ली हैं, 'जाँघी' या 'पनीया' बिरहोर के नाम से जाना जाता हैं। 'उथलू' बिरहोर वर्षा ऋतु के अतिरिक्त प्रत्येक समय एक जंगल से स्थानांतरित होते रहते हैं। जहां गए वहीं पत्तो के पीछे "सरना" देव स्थान स्थापित कर लिया, जंगलो में शिकार करने लगे, रस्सी बनाने लगे और किसी तरह अपना जीवनयापन करने लगे। उन्हें न तो अपने बिछुडे परिवार के सदस्यों की चिंता हैं और न उनसे मिलने की प्रबल अभिलाषा ही।

बिरहोर कुम्बा की स्थापना में निम्नलिखित चार कारको पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं:–

1. वन संसाधनो का नजदीक होना,
2. पानी की आपूर्ति, झरना या तालाब के समीप होना,
3. साप्ताहिक आदिवासी बाजार के नजदीक होना,
4. सामीप्य में बसे दूसरे टंडा से दूर होना।

बिरहोर जनजाति सदियो से, शहरो से नहीं बल्कि गांवो से भी दूर गहन जंगली क्षेत्रो में सर्वथा एकांत में निवास करने की आदि रही हैं। इस कारणवश शिक्षा का प्रसार उसमें न्यूनतम हुआ हैं। यह मुख्यतः उनके जीविकोपार्जन की समस्या के कारण हुआ हैं। शिक्षा से इस कदर दूर रहने के कारण यह आधुनिक सभ्यता, जीवन शैली एवं विकास की मुख्य धारा से निरंतर दूर होते गए।

बिरहोर जनजातियो में लड़को को सत्रह–अटठारह वर्ष तथा लड़कियों को बारह–चौदह वर्ष होने पर विवाह योग्य समझा जाता हैं। विवाह के पश्चात् ही एक बिरहोर युवक को उस जनजाति का पूर्ण सदस्य माना जाता हैं। सामान्यतः इनमें एक पत्नी विवाह की ही प्रथा हैं।

अध्ययन पद्धति एवं उपकरण :–

किसी भी विषय पर अध्ययन एक निश्चित उद्देश्य के अंतर्गत किया जाता है और उस उद्देश्य की प्राप्ति तभी संभव है जब किया जाने वाला अध्ययन व्यवस्थित और योजनाबद्ध रूप से किया जाए। इस हेतु कुछ निश्चित पद्धतियों का सहारा लिया जाता है।

(क) निदर्शन पद्धति :-

प्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्य संकलन प्रमुख रूप से निदर्शन संकलन प्रमुख रूप से किया जाता है और इसमें उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति अपनाया जाता है। जब अनुसंधान जानबूझकर किसी निश्चित उद्देश्य हेतु समग्र में से अध्ययन हेतु कुछ इकाईयों का चुनाव करना है। तो उद्देश्यपूर्ण निदर्शन कहते हैं।

(ख) अनुसंधान प्रारूप :-

इसमें अन्वेषणात्मक अनुसंधान प्रारूप लिया जायेगा। इस प्रकार के अनुसंधान का प्रमुख उद्देश्य एक घटना का परिचय प्राप्त करना अथवा उसके बारें में नवीन ज्ञान प्राप्त करना होता है।

(ग) तथ्यों का संग्रहण :-

प्रस्तुत शोध के अध्ययन के लिए तथ्यों का संग्रहण प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनो स्त्रोतों का सहायता लिया जायेगा।

(1) प्राथमिक स्त्रोत :-

प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए प्राथमिक स्त्रोत द्वारा तथ्य संग्रहण के लिए निश्चित प्रश्नावली, अनुसूची भावात्कार आदि का प्रयोग किया जायेगा।

(2) द्वितीयक स्त्रोत :-

द्वितीयक स्त्रोत के अिंतर्गत विभिन्न शोध पत्रिकाओं, समाचार पत्र, पुस्तकों, शोध ग्रंथ एवं अन्य विभिन्न पत्रिकाओं का सहयोग लिया जायेगा।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय :-

बिरहोर जनजाति बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा के ग्राम सेमरिया, लूफा, उपरियापारा में बिरहोर सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना है।

विकासखण्ड कोटा के चयनित ग्रामों का विवरण

विकासखण्ड कोटा 1 अप्रैल 1954 से स्थापित है। विकासखण्ड कोटा में 81 ग्राम पंचायत एवं उसके अधिनस्थ 162 ग्राम है, जिसमें से 161 राजस्व ग्राम एवं 1 वन ग्राम शामिल है। वर्तमान में विकासखण्ड कोटा की सी.एन.ए. 2011 के अनुसार सर्वेक्षित जनसंख्या 228358 है, जिसके अनुसार विकासखण्ड की लगभग 51 प्रतिशत जनसंख्या पुरूष एवं 49 प्रतिशत महिलाएँ है।

विकासखण्ड कोटा में हमनें बिरहोर जनजाति का स्वास्थ्य अध्ययन किया है, ये गांव जंगल में बसे हुए है। बिलासपुर जिले के अंतर्गत आयें है।

शक्तिबहरा :-

यह गांव लूफा पंचायत के अंतर्गत आता हैं यह कोटा मुख्यालय से 35 किमी की दूरी पर है। जो जंगलों के बीच में बसा हुआ है। इस गांव की जनसंख्या 1225 है। यहाँ बिरहोर जनजाति की संख्या 30 है, जिसमें से 6 परिवार हैं। यहाँ बिरहोर जनजाति के अलावा यहाँ अन्य जाति समुदाय के लोग निवास करते है। यहाँ का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी है। यहाँ बिरहोर जनजाति के लोग खेती एवं मजूदरी तथा अपना परम्परागत व्यवसाय करते है। यहाँ पठारी गुफा होने के कारण कृषि योग्य भूमि का अभाव है। जरूरत पडने पर किसी वस्तु के लिए बेलगहना आते

है।

सेमरिया, मांझीपारा :–

यह गांव मझगांव पंचायत के अंतर्गत आता है यह कोटा मुख्यालय से 12 किमी की दूरी पर है। जो जंगलों के बीच में बसा हुआ है। इस गांव की जनसंख्या 1925 है। यहाँ बिरहोर जनजाति की संख्या 65 है, जिसमें से 20 परिवार है। यहाँ बिरहोर जनजाति के अलावा यहाँ अन्य जाति समुदाय के लोग निवास करते है। यहाँ का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी है। यहाँ बिरहोर जनजाति के लोग खेती एवं मजूदरी तथा अपना परम्परागत व्यवसाय करते है। जरूरत पड़ने पर किसी वस्तु के लिए कोटा आते है। जो 15 किमी की दूरी पर है।

उमरियादादर कोईलारीपारा :–

यह गांव उमरियादादर पंचायत के अंतर्गत आता है यह कोटा मुख्यालय से 38 किमी की दूरी पर है। जो पहाड़ों के बीच में बसा हुआ है। इस गांव की जनसंख्या 3514 है। यहाँ बिरहोर जनजाति की संख्या 166 है, जिसमें से 37 परिवार है। यहाँ बिरहोर जनजाति के अलावा यहाँ अन्य जाति समुदाय के लोग निवास करते है। यहाँ का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी है। यहाँ बिरहोर जनजाति घंघोर जंगलों में रहते है यहाँ पर संचार साधन व बिजली आदि की सुविधा की कम है। यहाँ के लोग अपनी जरूरत का सामान लेने के लिए चपोरा आते है। जो 10–12 किमी की दूरी पर है। इनका मुख्य व्यवसाय खेती एवं मजूदरी तथा अपना परम्परागत व्यवसाय है। यहाँ घंघोर जंगल होने के कारण कृषि योग्य भूमि का थोडा अभाव है।

निष्कर्ष

बिरहोरजनजाति समाज के सामाजिक अर्थव्यवस्था स्वरूप को पिछले अध्याय में यथा संभव प्रमाणित तौर पर बतलाने का छोटा सा प्रयास किया है, जिसे पढ़कर इस समाज की विभिन्न संगठनात्मक पक्षों की जानकारी मिल जाती है। सच है कि बिरहोरजनजाति आदि परम्परों का प्रतीक बना हुआ है। विकास के संबंध में इनकी उदासीनता इनके आर्थिक स्वरूप को धरातल से जुडी हुई है और इससे उभरना ही इनकी प्रगति के लिए बुनियादी प्राथमिकता कहीं जा सकती है।

1. यह बिरहोरसमाज जंगल व पहाड़ों के बीच रहकर जीवन बसर कर रहे है। इस समाज में दो घरों की दूरी बहुत होती है। इनमें घर परिवर्तन की अवमान्यताएँ काफी गहरे पैठ जमाये हुए है। यहाँ के घर अस्वच्छ व प्रदूषण युक्त है। यहाँ खिडकी एवं दरवाजें की व्यवस्था प्रायः नहीं है।

2. यहाँ की महिला की दिनचर्या महुआ या चरौंदा के भोजन चुनना, सुखाना, खरीफ के समय कृषि मजदूरी एवं खनवाना, निकलवाना फसल मजदूरी खुले सीजन में तेन्दूपत्ता चुनना व जलाउ लकडी चुनकर बेचना खाना बनाना एवं घरेलू कार्य करना आदि तक ही सीमित है। पुरूषों की दिनचर्या में खेती चाहे

ISSN No. 2347-2685

स्वयं की हो या मजदूरी पर हल जोतना, मजदूरी करना, स्वयं का कृषि कार्य करना, जलाउ लकडी बेचना बाकी दिनों में खेतों खोद खोदकर चुहा मार कर खाना, जंगलों में सुअर, खरगोश आदि का शिकार करना, तीन त्यौहार के अवसर में या गांठ में रूपया होने पर दारू पीना और मस्त होकर करमा और ढमचक नृत्य करते है।

3. खान पान के अंतर्गत बिरहोर औसतन आठ माह चांवल और सकडा सूटकी कान्दा खातें है। और कभी–कभी उपलब्ध होने पर आलू, बैगन, टमाटर, हरी सब्जी नया दाल भी खातें है। पर ऐसे अवसर बहुत कम आते है।

4. बिरहोर समाज मद्यपान के अंतर्गत महुआ की दारू और हडिया (चांवल की शराब) पीते है और धुम्रपान के रूप में बीड़ी, तम्बाखू का प्रयोग करते है। यहॉ स्त्री पुरूष दोनो इनका इस्तेमाल करते है। इनके सेवन में इस जनजाति समाज के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

5. यहॉ पुरूषों का पहनावा, धोती या लंगोटी, चड्डी व गंजी है, जबकि महिलाएँ धोती, साडी, ब्लाउज, पेटीकोट पहनती है। यह समाज ग्रामीण संस्कृति के प्रभाववश वस्त्र जो पहनने लगा है पर अभी भी वस्त्रों की उपयोगिता के संदर्भ में इनकी जागरूकता काफी कम है।

6. यहॉ के समाज में स्त्रियॉ हसुली, ककना, सिकडी, मुंगा, चंदवा, सिक्कों का हार, उचिया, नरकुना, कर्णफूल, चूडी, बिछिया, पैरी, बाजू, अंगूठी, आदि विशेष अवसरों पर पहनती है। इसके अतिरिक्त इस समाज मे विरासत की आस्थाओं से संबंधित लाख व मिट्टी से बनी माला भी पहनी जाती है। जिसे वे स्वयं बनाते है।

7. इस जनजाति समाज में शिक्षा की स्थिति न के बराबर है। प्रायः अधिकांश वयस्क अशिक्षित होते है। जिसकी वजह से इस समाज का विकास जड़ बना हुआ है। और लोग अंध–मान्यताओं व धार्मिक आस्थाओं के विकास के सारे प्रयासों को निरर्थक सिद्ध करने पर तुले हुए है। अतः इनकी अज्ञानता व विकास अवरोधक आस्थाओं को खत्म करने हेतु शिक्षा पर बहुत गंभीर प्रयास की आवश्यकता है।

8. इस जनजाति समाज का पारिवारिक स्वरूप अन्य समाज से कुछ भिन्नता लिए हुए है। यहॉ पर एकाकी एवं संयुक्त दोनो तरह के परिवार देखने को मिलते है। परन्तु एकाकी परिवार का ही वर्चस्व बना हुआ है। इसका कारण विवाह पश्चात् विवाहित जोडों को अलग कर घर बसा यहॉ देखने को मिलता है। इस समाज में सगाई का मोढ़ कना, बुदा भराई या मूठ बांधना जैसी शब्दावली से संबोधित किया जाता है। इस समाज की वैवाहिक व्यवस्था को व्यवस्थित एवं स्थायित्व देने हेतु इनमें फैली अज्ञानता को खत्म करने का प्रयास बहुत जरूरी है।

9. यहॉ संस्कारों के रूप में जन्म संस्कार व मृत्यु संस्कार को ले सकते है। यह संस्कार हिन्दू संस्कारों से काफी प्रभावित है। जन्म

संस्कार के अंतर्गत छट्टी रस्म, बरही रस्म, नामकरण संस्कार, घर हुकी रस्म आदि प्रमुख है। इस तरह मृतक संस्कार में तीजा रस्म, दसकर्म विशेष रूप से प्रचलित है।

10. बिरहोरसमाज का धार्मिक स्वरूप अन्य जनजातियों के समान ही जीव वाद से प्रभावित है। यहाँ के अलौकिक शक्तियाँ, भूत प्रेत पूर्वजों की आस्था का गहरा प्रभाव दिखलाई देता है। इस समाज में मूर्ति पूजा का प्रचलन नहीं है। अपितु पूर्वजों की पूजा की जाती है। इस समाज में सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनैतिक परिवेश आज भी अलौकिक शक्तियो में अंधविश्वासी मान्यताओं से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य से जुडी सभी समस्याओं का निदान इन्हीं अलौकिक शक्तियों से जुड़े तंत्र मंत्र द्वारा ढूंढा जाता है। यही वजह है कि समाज में बैगा देवार को काफी महत्व दिया जाता है, यदि वास्तव में इन जनजाति का विकास करना है तो इनमें प्रचलित अन्य आस्थाओं को जड़ों पर प्रहार करना होगा। यह कार्य वृहद्ध स्तर पर साक्षरता आदि के द्वारा किया जा सकता है।

11. इस समाज की सभी आवश्यकताओं का मूल बिन्दू इनकी आर्थिक दरिद्रता ही है। ये लोग आर्थिक जीवकोपार्जक हेतु सीमित विकल्पों पर निर्भर है। कृषि की अनिश्चितता, वनोपज का घटता स्वरूप मजदूरी के रूप में शोषण आदि अनेक अज्ञानता के कारण प्रचलित घटक इनकी अर्थव्यवस्था को जर्जर बनायें हुए है।

संदर्भ ग्रंथ

- शर्मा वीरेन्द्र प्रकाश, (1999), रिसर्च मेथडॉलॉजी, पंचशील प्रकाशन जयपुर
- तिवारी एस.के., शर्मा के. (1994), मध्यप्रदेश की जनजातियां, समाज व अर्थव्यवस्था, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ एकादमी, भोपाल
- हुसनैन नदीम, (1997), जनजातीय भारत, जवाहर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली
- चन्द्राकर पी.एल., (1994), मध्यप्रदेश के कोरवा जनजाति का सामाजिक–आर्थिक विश्लेषण–एक भौगोलिक अध्ययन, अप्रकाशित शोध प्रबंध,गु.घा.दा. वि.विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

श्रीमती श्वेता सिंह, एफ.फिल.,
सी.वी.रमन वि.विद्यालय, कोटा

"महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना-मनरेगा की बेरोजगारी कम करने में भूमिका" (कोटा विकास खण्ड, बिलासपुर जिला के ग्राम करगीकला के संदर्भ में)

अखिलेश कुमार पाण्डेय, एम.फिल. समाजशास्त्र, शोध

प्रस्तावना

भारत के लगभग 80 प्रतिशत लोग गांव में निवास करते हैं भारत देश पूर्वकाल से ही एक संस्कारधानी देश के रूप में जाना जाता है । यहाँ के लोग जितने ही संस्कारवान हैं उतने ही मानवतावाद के भी पुजारी हैं। भारत चूंकि गांवो का देश है इसलिए यहाँ सबसे ज्यादा लोग गांवों में निवास करते है। गांवों में रहने वाले को जीवन यापन करने हेतु किसी व्यवसाय के माध्यम से अपनी रोजी–रोटी चलाना होता है। परन्तु उसके बाद भी वह अपने आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं ला सकता है। जिससे वर्तमान समय में बेरोजगारी की समस्या ग्रामीण अंचल में व्यापक रूप से बढ़ती जा रही है।

तब भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगो के लिए एक ऐसे अधिनियम की शुरूआत की गई जिसके माध्यम से लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो तथा बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सके। यह अधिनियम भारत सरकार द्वारा सन् 2005 में लागू किया गया जिसका नाम "राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी अधिनियम" था जिसका नाम परिवर्तित होकर 2009 में "महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार योजना" जिसके अन्तर्गत लोगो को एक वर्ष में सौ दिन का रोजगार देना अनिवार्य है और रोजगार नहीं होने पर उन्हें बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाता है।

अध्ययन विषय की आवश्यकता एवं महत्व

इसके निम्नलिखित महत्व है –

गार्थी

1. आर्थिक आत्मनिर्भरता –

